# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026


# छत्तीसगढ़ में पहली बार दुर्ग में पत्नी प्रताड़ित पुरुषों की काउंसलिंग कर रही पुलिस

डॉ. संदीप उपाध्याय ▶▶| भिलाई

**अलग खबर**

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पहली बार पत्नी से प्रताड़ित पतियों की सुनावाई के लिए एक अलग से पुरुष परामर्श केंद्र शुरू किया गया है। यहां सप्ताह में एक दिन पतियों की पीड़ा सुनने के लिए रिटायर्ड पुलिस और बीएसपी के अधिकारी बैठते हैं। इसके बाद पति और पत्नी दोनों के बयान लेकर उन्हें फिर से नई जिंदगी शुरू करने की समझाइश दी जाती है। इससे अब तक कई घर टूटने से बच चुके हैं।

आपको बता दें दुर्ग जिले में दिसंबर महीने में दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर महिला थाना सेक्टर 6 में पुरुष परामर्श केंद्र शुरू किया गया था। यह अपनी तरह पहला ऐसा केंद्र है, जहां पत्नी की नहीं पतियों की फिरयाद को विशेष रूप से सुना जाता है। इस

▶▶ शेष पेज 2 पर

## आ रहे अनोखे मामले, पति कर रहे मांग, पत्नी साथ रहे, लेकिन आदर्श पत्नी की तरह

### अनुभवी टीम कर रही काउंसिलिंग

काउंसिलिंग के लिए पुलिस विभाग से रिटायर्ड एएसपी रैंक के अधिकारी अशोक जोशी और भिलाई स्टील प्लांट के रिटायर अधिकारी बसंत कुमार को रखा गया है। महिलाओं की समस्या को सुनने और बयान दर्ज करने के लिए कांस्टेबल सुषमा चौरे को रखा गया है।



### घर टूटने से बच रहे हैं

ये एक तरह की अलग पहल है। हर एक मामले को काफी धैर्य से सुना जा रहा है और उन्हें अच्छी सलाह दी जा रही है। इससे कई घर टूटने से बच रहे हैं।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

### केस 1

काउंसलिंग में एक पति अपनी पत्नी के गैर मर्द के साथ गलत संबंध से पीड़ित होकर आया। यहां उसने बताया कि उसने अपनी पत्नी को रंगे हाथ पकड़ा। पत्नी ने भी गलती स्वीकार किया। काउंसिलिंग में समझाइश के बाद पति अपनी पत्नी और चार बच्चों के साथ फिर से नया जीवन जीने को तैयार हो गया।

### केस 2

दूसरा केस ऐसा आया कि ट्रांसपोर्टर पति के ट्रक बिक जाने से वो घर पर बैठ गया। उसने 15000 रुपए महीने की नौकरी की, लेकिन पत्नी 60 हजार रुपए महीने कमा रही है और पति चाहता है कि वो उसकी हर बात माने, इसे लेकर दोनों में विवाद होता है। पति का आरोप है कि पत्नी उसे अश्लील गालियां देती हैं। वहीं पत्नी ने आरोपों को गलत बताया है।

### केस 3

एक केस में 51 साल का अधेड़ खुद मोचीगिरी का काम करता है। आर्थिक स्थिति खराब होने से जब पत्नी कमाने के लिए बाहर निकली तो पत्नी पर शक करने लगा। पत्नी उसे छोड़कर तीन साल से अलग अपनी बेटी के साथ रह रही है तो अब वो पत्नी को साथ लाने के लिए पुलिस से गुहार लगा रहा है।


आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹114621/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹139990/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹152813/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

aNaND Jewels Pandri, Raipur


# दो दिनों में दर्जनभर वारदात, पुलिस ने घेरा, मुठभेड़ में एक बदमाश घायल

**सनसनी फैलाने वाले बदमाशों का गिरोह पकड़ा गया दो रातों में 14 को किया था जख्मी**

*जिला पुलिस ने लुटेरों के एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह ने दो दिनों के भीतर दर्जनभर लोगों को अपना शिकार बनाया था। पुलिस ने 7 आरोपियों को राहौद से गिरफ्तार किया। गिरोह के सरगना को बोड़सरा गांव में पुलिस मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया। गिरोह के सरगना की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने शनिवार की रात घेराबंदी की। रविवार तड़के सरगना ने भागने की फिराक में देसी कट्टा से पुलिस टीम पर फायर किया। जवाबी फायरिंग मे आरोपी के पैर मे गोली लगी और घायल आरोपी ने पुलिस के सामने आत्म समर्पण कर दिया। गिरोह ने पामगढ़ और शिवरीनारायण क्षेत्र ने दो रात मे ही कई वारदातों को अंजाम देकर क्षेत्र मे सनसनी फैला दी थी। इन घटनाओं में 14 लोग घायल हुए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चाम्पा

जिले में लुटेरों का एक नया गिरोह तैयार हो रहा था। शिवरीनारायण और पामगढ़ थाना क्षेत्र में इस गिरोह ने दो दिन में लूटपाट और मारपीट की कई वारदात की। शराब के नशे के लिए यह गिरोह रात के अंधेरे में घटना को अंजाम दे रहा था। दो दिनों में 5 घटनाओं को अंजाम दिया, जिसमें 14 लोग घायल हुए है। इनमें से दो की हालत गंभीर है जिनका बिलासपुर के निजी अस्पताल में उपचार जारी है। सभी आरोपी बाइक में घूमते थे और रात में सड़क पर सुन पाकर अंधेरे में आने जाने वाले लोगों से मारपीट करते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया करते थे। घटना की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ने शिवरीनारायण और पामगढ पुलिस के साथ ही साइबर सेल की टीम बनाई। आरोपियों की

▶▶ शेष पेज 2 पर

## रात में घेराबंदी, मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया



### दो की हालत नाजुक

आरोपियों ने कुल 14 लोगों पर हमला कर लूट की वारदात की है। इनमें से 2 की हालत नाजुक बताई जा रही है। मुकेश राय सागर निवासी कचंदा और अमन बंजारे निवासी कचंदा गंभीर हालत में आईसीयू में बिलासपुर के निजी अस्पताल में

▶▶ शेष पेज 2 पर

### गैंग में दो नाबालिग

पुलिस की गिरफ्त में आए गिरोह में 2 विधी के विरूद्ध संघर्षरत बालक भी शामिल हैं। वहीं शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के राहौद निवासी रामनाथ गोड़ पिता छोटे बाबू उम्र 21 साल, निखिल टंडन पिता राकेश टंडन उम्र 18 साल, मनीराम गोंड पिता छोटेबाबू गोंड उम्र 19 साल, नरेश यादव पिता फिरतू यादव उम्र 19 साल, रोशन टंडन पिता राकेश टंडन उम्र 19 साल और पामगढ थाना क्षेत्र के डुडगा निवासी आयुष रात्रे पिता अयोध्या रात्रे उम्र 18 साल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### पनपने से पहले पकड़ा

प्राणघातक हमला कर लूटपाट करने वाले आरोपियों का गिरोह हाल ही में तैयार हुआ था। गिरोह में सभी युवा हैं, जो नशे की जरूरत पूरी करने के लिए वारदात कर रहे थे। आरोपी एकत्रित होकर मोटर साइकिल से सुनसान एवं अंधेरे रास्तों पर घूमते थे और सड़क पर चल रहे राहगीरों को रोककर सीधे सिर पर प्राणघातक वार करते थे। हमले के बाद वे पीड़ितों से मोबाइल फोन, नकदी एवं अन्य कीमती सामान लूट लेते थे। इतना ही नहीं, वारदात के बाद भी रास्ते में जो भी व्यक्ति मिलता, उस पर सभी आरोपी एक साथ हमला कर देते थे।

## टी20 वर्ल्ड कप

# भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेगा पाकिस्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तानी क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ आगामी मेंस टी20 वर्ल्ड कप मैच नहीं खेलेगी। दोनों देशों के बीच तय कार्यक्रम के अनुसार 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में हाईवोल्टेज मैच खेला जाना था, लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने टीम को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए कुछ शर्तों के साथ मंजूरी दी है। पाकिस्तान सरकार के बयान में इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड भारत के खिलाफ विश्व कप मैच का बहिष्कार करेगा।




सलमान अली आगा की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत, नामीबिया, नीदरलैंड और यूएसए के साथ ग्रुप-ए में शामिल है। पाकिस्तानी टीम 7 फरवरी को कोलंबो में नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पाकिस्तानी सरकार के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को हिस्सा लेने की मंजूरी देती है, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच के लिए मैदान पर नहीं उतरेगी।

## खबर संक्षेप

### आमजन के लिए आज से खुलेगा अमृत उद्यान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अमृत उद्यान के 'शीतकालीन वार्षिक संस्करण 2026' का रविवार को उद्घाटन किया। इसके साथ ही यह उद्यान मंगलवार से आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। लोग सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम छह बजे के बीच (अंतिम प्रवेश शाम पांच बजे) उद्यान में जा सकेंगे।



### चांदी 25 हजार फिर टूटी सोना हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में भूचाल मचा है। रविवार को बजट के चलते शुरू हुए कारोबार के दौरान एक बार फिर खुलते ही गोल्ड-सिल्वर के रेट बुरी तरह टूट गए हैं। 1 फरवरी को वायदा बाजार में चांदी करीब 25 हजार रुपए (9%) गिर गई। 1 किलो चांदी का भाव 2.65 लाख रुपए पर आ गया। सोने में भी करीब 12 हजार रुपए की गिरावट है। 10 ग्राम सोना 1.38 लाख रुपए पर आ गया है। चांदी दो दिन में 1.36 लाख सस्ती हो गई, वहीं सोना 31 हजार रुपए सस्ता होकर 1.38 लाख रुपए पर आया।

### पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर से होगी पूछताछ

**हैदराबाद।** तेलंगाना विशेष जांच दल राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) से बीआरएस शासन के दौरान कथित 'फोन टैपिंग' से जुड़े मामले में रविवार दोपहर यहां उनके आवास पर पूछताछ करेगी। राव ने शनिवार को एसआईटी से कहा था कि वह एक फरवरी को पूछताछ के लिए पेश होंगे। उन्होंने नोटिस जारी करने में जांच अधिकारी पर 'कानूनी प्रक्रियाओं का उल्लंघन' किए जाने का भी आरोप लगाया।



# आरोपियों ने ग्रामीणों पर किया हमला आक्रोशित गांव वालों ने फूंके कई घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/राजिम

एक ओर गरियाबंद जिसे में जहां कल्प कुंभ का शुभारंभ हुआ, वहीं दूसरी ओर राजिम से महज कुछ किलोमीटर दूर दुधकैयां गांव में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। संदिग्धों ने घरों और गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

- उग्र भीड़ को काबू पाने पुलिस को करना पड़ा हल्के बल का प्रयोग

ग्रामीणों का कहना है कि करीब साल भर पहले शिवजी के मंदिर में तोड़फोड़ के मामले में प्रतिमा खंडित करने वाले आरोपी जमानत मिलने के बाद गांव वालों को डराने-धमकाने लगे थे। उन्होंने तीन गांव के लोगों के साथ मारपीट और जानलेवा हमला कर दिया। वहीं, वे प्रकरण में गवाही देने वालों को भी परेशान कर रहे थे। गांव वालों के साथ हुई मारपीट के बाद पूरा गांव उत्तेजित हो गया।

▶▶ शेष पेज 2 पर

## गरियाबंद जिले के दुधकैयां गांव में विवाद के कारण तनाव



### आरोपी को किया गया गिरफ्तार

*अभी स्थिति शांत है, आरिफ नाम का पुराना आरोपी है। उसने ग्रामीणों से मारपीट की है। वहीं, पास के दो गांव में भी उसने मारपीट की है। इस पर राजिम थाने में तीन एफआईआर हुए हैं। घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। इसके बाद उन्होंने घरों का घेराव किए और इसमे आग लगा दिए। तीनों आरोपी गिरफ्तार हो गए हैं। अभी स्थिति सामान्य है। घटना में कुछ पुलिस वालों को चोटें आई हैं।*

*- वेदव्रत सिरमौर, एसपी, गरियाबंद*

## एक फरवरी से हो गए बड़े बदलाव

# सिगरेट-कमर्शियल सिलेंडर महंगा, फास्टेग पर सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों की कीमतों से लेकर गैस सिलेंडर, फास्टैग और ब्याज दरों तक, कई मोर्चों पर नई व्यवस्था लागू हुई है। रविवार से कई सारे बदलाव लागू हो गए। सिगरेट, पान मसाला में उपकर लागू हो गया। इसके अलावा 1 फरवरी से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 50 तक महंगा हो गया है। अब से नई कार, जीप और वैन के लिए फास्टैग जारी करते समय अब केवाईवी (नो योर व्हीकल) प्रोसेस की जरूरत नहीं होगी।

अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लागू होने के बाद रविवार से सिगरेट के दाम में प्रति 10 सिगरेट के पैकट पर न्यूनतम 22 से 25 रुपए तक की बढ़ोतरी हो गई है। वितरकों के अनुसार, 76 मिमी लंबाई वाली प्रीमियम सिगरेट अब ब्रांड के हिसाब से 10 सिगरेट के पैकट पर 50 से 55 रुपए तक महंगी हो गई हैं। हालांकि, कंपनियों ने

▶▶ शेष पेज 2 पर




### फास्टैग यूजर्स को केवाईवी की जरूरत नहीं

नई कार, जीप और वैन के लिए फास्टैग जारी करते समय अब केवाइवी (नो योर व्हीकल) प्रोसेस की जरूरत नहीं होगी। नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नई कार के लिए केवाईवी प्रोसेस बंद करने का फैसला किया है। साथ ही, जिन कारों पर पहले से फास्टैग लगा है, उनके मालिकों को भी अब रूटीन केवाईवी कराने की जरूरत नहीं होगी। इससे वाहन मालिकों को वैलिड डॉक्युमेंट होने के बावजूद लंबी वेरिफिकेशन प्रक्रिया के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### कमर्शियल सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़े

तेल कंपनियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपए की वृद्धि कर दी है। इस बढ़ोतरी से छोटे दुकानदारों, हलवाइयों, होटल और रेस्टोरेंट संचालकों पर सीधा असर पड़ेगा। यह लगातार तीसरा महीना है। पेट्रोलियम मार्केटिंग करने वाली सरकारी कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडरों के दाम की समीक्षा करती हैं। इसी क्रम में 1 फरवरी से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत अब 1839 रुपए हो गई है। पिछले महीने इसकी कीमत 1789.50 रुपए थी, जबकि दिसंबर में यह 1678 रुपए पर निर्धारित थी।




रायपुर
सोमवार 2 फरवरी 2026
फाल्गुन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 24, अंक : 193
पृष्ठ : 16+8 = 24 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 31.5
न्यूून. 17.4



11
नीलम : गोविंदा के साथ रोमांस की अफवाहों पर रखी राय

विचार पेज
विकसित भारत के लिए सुधारों का बजट




भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की जनता दरबार शैली में हुई समीक्षा

# नारायणपुर में हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद बना जवाबदेही का मंच

## सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की देखने को मिली सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

हरिभूमि एवं आईएनएच के संयुक्त तत्वावधान में 31 जनवरी को नारायणपुर स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम लोकतांत्रिक विमर्श, जवाबदेही और विकास की जमीनी तस्वीर सामने लाने का सशक्त मंच बनकर उभरा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की जनता दरबार शैली में समीक्षा की गई, जहां सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बस्तर अब निर्णायक बदलाव के दौर में है और नक्सल मुक्त बस्तर आने वाले समय में देश के लिए एक नजीर बनेगा। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की। जिला संवाद के विभिन्न सत्रों का संचालन स्टेट ब्यूरो हेड शैलेश पांडे, एंकर नदीम और नारायणपुर जिला ब्यूरो चीफ मोहम्मद इमरान खान ने किया। संवाद के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क-बिजली-पानी, सुरक्षा, रोजगार और औद्योगिक विकास जैसे मुद्दों पर केंद्रित चर्चा हुई।

### योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य

*कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष संध्या पवार ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की है। वहीं विपक्ष की भूमिका निभाते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीवान, पूर्व जिला अध्यक्ष देवनाथ उसेंडी और छात्र नेता विजय सलाम ने एक के बाद एक सवाल उठाकर सत्ता पक्ष से जवाबदेही तय करने का प्रयास किया।*



### उत्कृष्ट सेवा देने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया

*सामाजिक क्षेत्र से रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद महाराज, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी संजय नंदी सहित अन्य वक्ताओं ने शिक्षा, सेवा और सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा निर्वाचन से जुड़े विभागों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यूनिट एजीएम निलेश द्विवेदी, हरिभूमि जिला ब्यूरो चीफ शेख महमूद, विभिन्न समाज प्रमुखों और नगर के सैकड़ों गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।*

### केवल बहस नहीं, बल्कि समाधान आधारित संवाद को बढ़ावा देना है

कार्यक्रम के आयोजन में गुरुनानक ऑटो और दर्शनम ने सह-प्रायोजक के रूप में, जबकि मालक ट्रक यूनियन और निक्को जायसवाल, छोटेडोंगर ने प्रमुख प्रायोजक के रूप में सहभागिता निभाई। आयोजकों के अनुसार जिला संवाद का उद्देश्य केवल बहस नहीं, बल्कि समाधान आधारित संवाद को बढ़ावा देना है। नारायणपुर में आयोजित यह कार्यक्रम संवाद, विकास और सहभागिता की दिशा में एक मजबूत पहल के रूप में देखा जा रहा है।

**बस्तर की खनिज संपदा आम आदिवासी परिवारों के लिए समृद्धि का माध्यम**

जिला संवाद का एक प्रमुख आकर्षण रहा मालक ट्रक यूनियन के जिला अध्यक्ष किशोर आर्य का वक्तव्य। उन्होंने मंच से अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में बस्तर की खनिज संपदा आम आदिवासी परिवारों के लिए समृद्धि का माध्यम बन रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिन घरों में कभी साइकिल तक नहीं हुआ करती थी, आज वही परिवार लाखों रुपए कीमत के ट्रकों के मालिक बन चुके हैं।

ट्रंप का दावा, बोले- हमारी डील हो गई है

# हिंदुस्तान अब ईरान से नहीं वेनेजुएला से खरीदेगा तेल

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को एक अहम बयान देते हुए कहा कि भारत अब ईरान की जगह वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका दुनिया के कई देशों पर अपने ऊर्जा स्रोत बदलने का दबाव बना रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने यह बात वॉशिंगटन से फ्लोरिडा जाते समय एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, ट्रंप ने कहा, 'हम इस पर पहले ही एक समझौता कर चुके हैं, कम से कम इस सौदे की रूपरेखा तो तय हो ही चुकी है।' उनके इस बयान से साफ है कि भारत और अमेरिका के बीच ऊर्जा को लेकर बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है।



**बयान के मायने :** यह बयान ऐसे समय पर आया है जब एक दिन पहले ही अमेरिका ने भारत को संकेत दिया था कि वह जल्द ही वेनेजुएला से दोबारा तेल खरीद सकता है।

लाया गया जोधपुर एम्स

# सेंट्रल जेल में बंद एक्टिविस्ट वांगचुक की बिगड़ी तबीयत

एजेंसी ▶▶| जोधपुर

एक्टिविस्ट और साइंटिस्ट सोनम वांगचुक की जेल में तबीयत खराब हो गई है। वांगचुक को शनिवार (31 जनवरी, 2026) सुबह मेडिकल जांच के लिए जोधपुर केंद्रीय जेल से एम्स जोधपुर ले जाया गया। वह 27 सितंबर 2025 से जेल में बंद हैं।



अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी। अस्पताल में उन्होंने गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में करीब डेढ़ घंटा बिताया। जिसके बाद उन्हें वापस जेल भेज दिया गया। एम्स के सूत्रों ने बताया कि सोनम वांगचुक पेट से जुड़ी समस्याओं से परेशान हैं। इसी वजह से वह एक दिन पहले, शुक्रवार (30 जनवरी, 2026) को भी जांच के लिए अस्पताल आए थे। सुप्रीम कोर्ट इस समय सोनम वांगचुक की पत्नी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा है। कोर्ट ने उनकी मेडिकल रिपोर्ट 2 फरवरी तक पेश करने को कहा है।



# भारत वैश्विक बायोफार्मा विनिर्माण केंद्र के रूप में होगा विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केन्द्रीय बजट 2026-27 में सात रणनीतिक और अग्रिम क्षेत्रों में विनिर्माण को तेज करने पर जोर दिया गया है। केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को संसद में बजट 2026-27 पेश करते हुए कहा कि प्रस्तावित कार्यक्रम बजट में 'पहला कर्तव्य' के तहत छह क्षेत्रों का हिस्सा होगा।

भारत को वैश्विक बायोफार्मा विनिर्माण केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए केन्द्रीय बजट में अगले पांच वर्षों के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 'बायोफार्मा शक्ति' का प्रस्ताव किया गया है। इस प्रस्ताव से बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर्स के घरेलू उत्पादन के लिए उचित प्रणाली का निर्माण होगा।

### सात मौजूदा संस्थानों का अपग्रेडेशन

इसके लिए बजट में अभिकल्पित कार्यनीति में तीन नए राष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के साथ बायोफार्मा केन्द्रित नेटवर्क और सात मौजूदा संस्थानों का अपग्रेडेशन शामिल है। इसमें एक हजार से अधिक प्रत्यायित भारत क्लीनिकल ट्रायल्स केन्द्रों का नेटवर्क तैयार किया जाएगा। केन्द्रीय बजट में वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए केन्द्रीय ड्रग्स मानक नियंत्रण संगठन को मजबूत करने और एक समर्पित वैज्ञानिक समीक्षा कैडर तथा विशेषज्ञों के जरिए समय से अनुमोदन के लिए प्रस्ताव किया गया है।

## अगले पांच वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपए परिव्यय का प्रस्ताव

### सीआईई को बढ़ावा देने की योजना

निर्माण और अवसंरचना उपकरण (सीआईई) को बढ़ावा देने के लिए एक योजना का शुभारंभ किया जाएगा। इसका उद्देश्य उच्च घरेलू विनिर्माण और प्रौद्योगिकी के स्तर पर उन्नत सीआईई को मजबूत करना है। यह बहुमंजली इमारत में लिफ्ट, अग्निशमन उपकरण, बड़ी और छोटी से लेकर मेट्रो और ऊंचाई वाले स्थानों पर सड़कों के लिए सुरंग संबंधी उपकरण हो सकते हैं। बजट में वैश्विक प्रतिस्पर्धी कंटेनर विनिर्माण परिवेश के निर्माण के लिए एक योजना का प्रस्ताव किया गया है। इसके लिए, पांच वर्ष की अवधि में 10 हजार करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन है।



### रेयर अर्थ कोरिडोर का होगा निर्माण

अप्रैल 2025 में शुरू की गई इलेक्ट्रॉनिकी घटक विनिर्माण योजना का परिव्यय 22 हजार 919 करोड़ रुपये था। बजट 2026-27 में इस राशि को बढ़ाकर 40 हजार करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है। केन्द्रीय बजट में खनिज समृद्ध राज्यों ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में समर्पित रेयर अर्थ कॉरिडोर की स्थापना में मदद करने का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य खनन, प्रसंस्करण, अनुसंधान और विनिर्माण को बढ़ावा देना है।

### सेमीकंडक्टर मिशन 2-0 शुरू करने का प्रस्ताव

देश के सेमीकंडक्टर क्षेत्र की क्षमता में विस्तार करने और भारत सेमीकंडक्टर मिशन (1.0) को आधार मानकर केन्द्रीय बजट में उपकरण एवं सामग्री निर्माण, भारतीय आईपी का पूरी तरह से डिजाइन करने और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए भारत सेमीकंडक्टर मिशन (2.0) शुरू करने का प्रस्ताव किया गया है। सीतारमण ने कहा कि प्रौद्योगिकी और कुशल कार्यबल विकसित करने के लिए सरकार का ध्यान उद्योग आधारित अनुसंधान और प्रशिक्षण केन्द्रों पर रहेगा।

### घरेलू रसायन उत्पादन को बढ़ावा

घरेलू रसायन उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए केन्द्रीय वित्त मंत्री ने चैलेंज रूट के जरिए कलस्टर आधारित प्लग एंड प्ले मॉडल पर तीन रसायन पार्कों की स्थापना में राज्यों को मदद करने के लिए एक योजना का शुभारंभ करने की घोषणा की।

## खबर संक्षेप

### मीशो का घाटा बढ़कर 491 करोड़ रुपए पर पहुंचा




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी मीशो का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध घाटा बढ़कर 490.6 करोड़ रुपये हो गया। त्योहारी मौसम में खर्चे बढ़ जाने से घाटे में यह बढ़ोतरी हुई है। समान तिमाही में कंपनी को 37.43 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने बताया अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की जानकारी दी।

### ब्लू डार्ट एक्सप्रेस का मुनाफा 11 प्रतिशत घटा

BLUE DART

**मुंबई।** ब्लू डार्ट एक्सप्रेस का दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही में शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 11.39 प्रतिशत घटकर 70 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने पिछले साल इसी तिमाही में 79 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। हालांकि, ब्लू डार्ट एक्सप्रेस ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका राजस्व 6.9 प्रतिशत बढ़कर 1,616 करोड़ रुपये हो गया।

## निफ्टी 495 अंक टूटकर बंद हुआ

# वायदा सौदों पर एसटीटी बढ़ाने से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,547 अंक लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आम बजट में सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) से जुड़े प्रावधानों ने शेयर बाज़ार की धारणा को गहरी चोट पहुंचाई है। बजट के तुरंत बाद आई भारी बिकवाली के चलते शेयर बाज़ार से करीब 9.40 लाख करोड़ रुपए का निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा। विश्लेषकों का मानना है कि एसटीटी से जुड़ी सख्ती और स्पष्ट राहत के अभाव ने निवेशकों, खासकर शॉर्ट-टर्म और हाई-फ्रीक्वेंसी ट्रेडर्स को निराश किया।

बजट में सरकार ने राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से एसटीटी के दायरे और प्रभाव को लेकर जो संकेत दिए, उससे बाज़ार में लागत बढ़ने की आशंका गहराई। फ्यूचर के लिए एसटीटी को 0.025 फीसदी से बढ़ाकर 0.05 फीसदी कर दिया. वहीं ऑप्शन ट्रेडिंग के लिए एसटीटी 0.1 फीसदी से बढ़ाकर 0.15 कर दिया है। विशेषज्ञों के मुताबिक, एसटीटी में किसी भी तरह की वृद्धि या उसमें राहत न देना सीधे तौर पर ट्रेडिंग वॉल्यूम, खासकर डेरिवेटिव्स और इंट्रा-डे कारोबार को प्रभावित करता है। यही वजह रही कि बजट के बाद पहले ही सत्र में आक्रामक बिकवाली देखने को मिली।



**एसटीटी बना गिरावट की बड़ी वजह**

**निवेशकों के 9.40 लाख करोड़ रुपये डूबे**

### एसबीआई में रही बड़ी गिरावट

*बीएसई के शीर्ष 30 शेयरों में से टीसीएस, इंफोसिस, टाइटन और सनफार्मा के शेयरों को छोड़कर बाकी सभी 24 शेयरों में गिरावट आई है। सबसे ज्यादा एसबीआई के शेयर 6 फीसदी, अदाणी पोर्ट के शेयर 5.5 फीसदी और भेल के शेयर 5.36 फीसदी गिरे हैं। आईटीसी के शेयरों में भी 3 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई है। सिर्फ आईटी सेक्टर में तेजी है, बाकी सेक्टर रेड जोन में बंद हुए हैं। सबसे ज्यादा गिरावट पीएसयू बैंक, मेटल और ऑटो सेक्टर में बड़ी गिरावट आई है।*

### आगे क्या?

*विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सरकार एसटीटी पर स्पष्टीकरण या भविष्य में पुनर्विचार का संकेत देती है, तो बाजार की धारणा में सुधार आ सकता है। फिलहाल निवेशकों को सतर्क रहने और गुणवत्ता वाले शेयरों पर दीर्घकालिक नजर रखने की सलाह दी जा रही है।*

### सरकार का पक्ष और दीर्घकालिक तर्क

*सरकार का कहना है कि बजट में राजकोषीय संतुलन बनाए रखना जरूरी है और एसटीटी जैसे कर बाजार से स्थिर राजस्व का स्रोत हैं। साथ ही सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर और कैपेक्स पर खर्च बढ़ाने का संकेत दिया है, जिससे दीर्घकाल में आर्थिक गतिविधियों और कॉरपोरेट मुनाफे को सहारा मिल सकता है।*

### ब्रोकरेज और एक्सचेंज शेयरों पर दबाव

*एसटीटी से जुड़ी चिंताओं का असर ब्रोकरेज, एक्सचेंज और कैपिटल मार्केट से जुड़े शेयरों पर भी साफ दिखा। कारोबार घटने की आशंका से इन कंपनियों के शेयरों में औसत से कहीं ज्यादा गिरावट दर्ज की गई।*

### उतार-चढ़ाव बना रहेगा

*बहरहाल, बजट में एसटीटी को लेकर उठे सवालों ने यह साफ कर दिया है कि शेयर बाज़ार केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि लेन-देन की लागत से भी गहराई से प्रभावित होता है। जब तक इस मोर्चे पर भरोसा बहाल नहीं होता, बाज़ार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। सोमवार को बाजार के हालत पर इसकी संभावनाओं पर रविवार देर शाम तक विशेषज्ञों ने चुप्पी बनाए रखना ही ठीक समझा।*

### छोटे निवेशक और ट्रेडर सबसे ज्यादा प्रभावित

एसटीटी का बोझ सीधे हर सौदे पर पड़ता है, चाहे निवेशक को मुनाफा हो या नुकसान। इस कारण छोटे निवेशक, डे-ट्रेडर और रिटेल ट्रेडर्स सबसे ज्यादा दबाव में आए। बाजार जानकारों का कहना है कि इससे इक्विटी बाजार की आकर्षण क्षमता घटती है और पूंजी का रुख दूसरे एसेट क्लास की ओर मुड़ सकता है।

# सेबी ने एनएसई के आईपीओ लाने का रास्ता किया साफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी
- देश के सबसे बड़े शेयर बाजार को होगा आईपीओ

बाजार नियामक सेबी ने देश के सबसे बड़े शेयर बाजार एनएसई के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का रास्ता साफ करते हुए अपना अनापत्ति प्रमाणपत्र दे दिया है। एक्सचेंज के शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मिली मंजूरी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की एक दशक से लंबित योजना के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। एनएसई ने लगभग 10,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए वर्ष 2016 में पहली बार मसौदा प्रस्ताव दाखिल किया था।

लेकिन संचालन से जुड़ी खामियों और को-लोकेशन विवाद से जुड़ी नियामक चिंताओं के चलते सेबी ने मंजूरी रोक दी थी। इसके बाद से एनएसई ने आईपीओ पर नियामकीय मंजूरी हासिल करने के लिए कई बार सेबी का दरवाजा खटखटाया था। एनएसई के चेयरपर्सन श्रीनिवास इन्जेटी ने कहा कि सेबी की अनापत्ति मिलना एक्सचेंज की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा, 'सेबी की मंजूरी के साथ हम अपने सभी हितधारकों के लिए मूल्य सृजन के नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। यह मंजूरी भारतीय अर्थव्यवस्था और पूंजी बाजारों में एनएसई की अहम भूमिका में विश्वास को भी मजबूत करती है।' सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने जनवरी की शुरुआत में कहा था कि अनुचित बाजार पहुंच मामले में निपटान की एनएसई की अर्जी को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई है।

### एनएसई के 1.77 लाख शेयरधारक

प्रस्तावित आईपीओ भारतीय पूंजी बाजार के सबसे बड़े निर्गम में से एक हो सकता है। एनएसई के लगभग 1.77 लाख शेयरधारक हैं और इसका मूल्यांकन पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। एनएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशीष कुमार चौहान ने पहले कहा था कि एनओसी मिलने के बाद मसौदा प्रस्ताव दाखिल करने की तैयारियां शुरू की जाएंगी।

### अंबुजा सीमेंट का मुनाफा 86 प्रतिशत घटा

Ambuja Cement

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 86.21 प्रतिशत घटकर 366.97 करोड़ रहा है। इसका कारण पिछले साल की इसी तिमाही में कर लाभ के कारण ऊंचा आधार होना था। अंबुजा सीमेंट लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 2,662.97 करोड़ का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। एसीएल को अपनी अनुषंगी इकाई एसीसी के साथ उच्च न्यायालय से एक अनुकूल आदेश मिला, जिसके बाद उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में अपनी कर देनदारियों का पुनर्मूल्यांकन किया। एसीएल और एसीसी के खातों में क्रमशः 1,179.71 करोड़ और 516.84 करोड़ की राशि दर्ज की गई।

## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर में राष्ट्रीय ऑन्कोलॉजी नर्सिंग कॉन्क्लेव-2 का आयोजन




रायपुर। बालको मेडिकल सेंटर द्वारा ऑन्कोलॉजी नर्सेज़ एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ओएनएएल) के सहयोग से राष्ट्रीय ऑन्कोलॉजी नर्सिंग कॉन्क्लेव-2 का सफल आयोजन किया गया। यह कॉन्क्लेव मध्य एवं पूर्वी भारत में कैंसर देखभाल से जुड़े नर्सिंग प्रशिक्षण और पेशेवर विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित आसपास के राज्यों से 400 से अधिक ऑन्कोलॉजी नर्सों ने भाग लिया।

कॉन्क्लेव का मुख्य आकर्षण व्यावहारिक और स्किल-आधारित प्रशिक्षण कार्यशालाएं रहीं, जिनका संचालन टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, एम्स और बालको मेडिकल सेंटर के विशेषज्ञों ने किया। इनमें इन्फ्यूजन पंप का उपयोग, स्टोमा केयर, ट्रेकियोस्टॉमी प्रबंधन जैसे अहम विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। चर्चाओं में कैंसर देखभाल में नर्सों की बहुआयामी भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने बताया कि नर्सें न केवल उपचार प्रक्रिया में, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को मानसिक, पोषण संबंधी और पुनर्वास सहयोग देने में भी अहम भूमिका निभाती हैं।

इस अवसर पर मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि मजबूत नर्सिंग केयर ही बेहतर कैंसर उपचार परिणामों की आधारशिला है।

### रायपुर में बी एस मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल का शुभारंभ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कैंसर के खिलाफ लड़ाई को नई मजबूती मिली है। फाफाडीह स्थित लालगंगा मिडास के समीप आज बी एस मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ किया गया। 50 बिस्तरों की क्षमता वाला यह अत्याधुनिक अस्पताल प्रदेश के कैंसर मरीजों को उच्च गुणवत्ता, सुलभ और समर्पित उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उद्घाटन अवसर पर हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से डॉ. पसरीजा ने बताया कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए समय पर सही तकनीक और विशेषज्ञता बेहद आवश्यक है। अस्पताल का मुख्य लक्ष्य रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें इलाज के लिए दूसरे राज्यों का रुख न करना पड़े। अत्याधुनिक उपकरणों और सुविधाओं से सुसज्जित यह कैंसर केयर सेंटर हर वर्ग के लिए उपचार को सुलभ और प्रभावी बनाएगा। अस्पताल में अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पसरीजा एवं डॉ. देवांगन की टीम आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों और मानवीय संवेदनाओं के साथ सेवाएं देगी।

# उद्योग को ऋण 13.3 प्रतिशत की तेज गति से बढ़ाः आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उद्योग को बैंक ऋण दिसंबर, 2025 में 13.3 प्रतिशत की तेज गति से बढ़ा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 7.5 प्रतिशत था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

आरबीआई ने कहा कि सालाना आधार पर 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 14.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल के समान पखवाड़े (27 दिसंबर 2024) में यह वृद्धि 11.1 प्रतिशत थी। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, सूक्ष्म और लघु'' उद्योगों को दिए गए ऋण में तेज वृद्धि देखी गई, जबकि ''मझोले'' उद्योगों में भी मजबूती बनी रही।

### रिलायंस पावर का लाभ 40% घटकर 25 करोड़

**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 40 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 25.11 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने अपने वित्तीय परिणामों की जानकारी दी। रिलायंस पावर ने वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 41.95 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही मे दौरान कंपनी की कुल आय घटकर 1,949.78 करोड़ रुपये रह गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,159.44 करोड़ रुपये थी।

पूर्व तट रेलवे
निविदा सं.: SANDT_WAT_26_S-SPD-06, दिनांक 27.01.2026
कार्य का नाम वाल्टियर (WAT) मंडल की K. K. लाइन में 06 वज्र गिरने की संभावना वाले स्टेशनों पर सिग्नल उपकरणों के लिए SURGE और बिजली सुरक्षा व्यवस्था का उन्नयन। स्थान: 1) बोड़वरा (BDVR) 2) मालीगुड़ा (MVG) 3) धनपुर (DIR) 4) चरामुला कुसुमी (CJS) 5) गीदम (GIZ) 6) कमलुर (KMLR)।
विज्ञापित मूल्य: रु. 2,14,27,763.00, बयाना राशि: रु. 2,57,100.00, समापन अवधि: 12 महीने।
बोली शुरू होने की तारीख: 03.02.2026.
निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 17.02.2026 को 1500 बजे।
इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।
सम्पूर्ण जानकारी सहित ई-निविदा दस्तावेज वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/वाल्टियर
PR-1067/Q/25-26

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष:** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन:** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क:** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु:** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर:** क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 6126




**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

### शब्द पहेली- 6125 का हल



## सूडोकू नवताल - 6136

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकू नवताल - 6135 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |




# ये था दुनिया का सबसे अमीर आदमी! हज यात्रा में लेकर गया था 18 टन सोना

दुनिया में आज जब सबसे बड़े रईसों में शामिल एलन मस्क और मुकेश अंबानी जैसे अरबपतियों की दौलत की चर्चा होती है तो लोगों को लगता है कि यही इंसान अब तक के सबसे अमीर हैं लेकिन इतिहास गवाही देता है कि एक समय ऐसा भी था जब एक राजा की संपत्ति इतनी अधिक थी कि आज के किसी अरबपति के मुकाबले उसे नापना भी मुश्किल पड़ जाए। इस राजा का नाम था मानसा मूसा, जो माली साम्राज्य का सम्राट था। मूसा को इतिहास का सबसे अमीर इंसान कहा जाता है, जिसकी दौलत के आगे आज के अमीरों की दौलत तिनका भर भी नहीं है।



### सोने की खदानों पर बसा साम्राज्य

मानसा मूसा का जन्म 1280 ईस्वी में हुआ था और 1312 में वो माली साम्राज्य के सिंहासन पर बैठा। मूसा के शासन के दौरान माली पश्चिम अफ्रीका का सबसे समृद्ध और शक्तिशाली साम्राज्य बन गया था। यह क्षेत्र आज के माली, सेनेगल, आइवरी कोस्ट और बुर्किना फासो तक फैला हुआ था। मानसा मूसा की दौलत का मुख्य कारण सोना और नमक की खदानें थी, इन्हीं की वजह से इतिहास में माली दुनियाभर में व्यापार के एक प्रमुख केंद्र बन गया था।

### आज के अरबपतियों से करोड़ गुना अधिक दौलत

इतिहासकारों के अनुसार अगर मानसा मूसा की दौलत को आज गिना जाए तो उसकी कुल संपत्ति करीब 400 अरब डॉलर के बराबर होगी है। ये इतना बड़ा नंबर है जो दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की कुल संपत्ति से भी कहीं ज्यादा है। सम्राट मूसा के पास सोने के भंडार इतने विशाल थे कि उसके व्यापार से पूरे अफ्रीका और अरब देशों की अर्थव्यवस्था तक प्रभावित हो जाती थी।


### हज यात्रा में साथ लेकर गया 18 टन सोना

मानसा मूसा की सबसे चर्चित कहानियों में उसकी हज यात्रा का जिक्र जरूर आता है। 1324 में मूसा ने मक्का की यात्रा की थी। कहा जाता है कि मूसा अपनी यात्रा के दौरान जिन रास्तों से गुजरा वहां महंगाई बढ़ गई। बताया जाता है कि उसके काफिले में 100 ऊंट थे. जिन पर लगभग 18 टन सोना लदा हुआ था। साथ में 12000 नौकर और काफिले में करीब 60000 लोग शामिल थे। इतिहासकार लूसी दुरान के अनुसार, मानसा मूसा सिर्फ अमीर ही नहीं था बल्कि बेहद दयालु सम्राट भी था। उसके शासनकाल में टिंबकटू जैसी नगरी ज्ञान और इस्लामी शिक्षा का केंद्र बन गई थी।

## रोचक खबरें

### दुनिया की सबसे बड़ी ठोस सोने की मूर्ति, बैंकाक में है स्थापित

**बैंकाक।** दुनिया भर में बौद्ध धर्म को कई लोग मानते हैं। हर देश में इस धर्म के लोग फैले हुए हैं। दुनिया में ऐसे कई बड़े देश हैं जिनमें भगवान बुद्ध की मूर्तियां स्थापित हैं। दरअसल, भगवान बुद्ध को ईश्वर के रूप में पूजा जाता है। आज हम आपको एक ऐसी बुद्ध मूर्ति के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगे। इस मूर्ति ने इतिहास, कला और अध्यात्म का नजरिया बदल दिया है। दरअसल, यह मूर्ति थाईलैंड के बैंकॉक में स्थापित है, जिसे गोल्डन बुद्ध के नाम से जाना जाता है।



**पूरी ठोस सोने से बनी है यह मूर्तिः** यह मूर्ति बेहद खास है क्योंकि यह कोई आम मूर्ति नहीं, बल्कि सोने से बनी हुई है। इस मूर्ति पर सोने की परत नहीं चढ़ाई गई है, बल्कि यह पूरी ठोस सोने से बनी है। दरअसल, जिस मूर्ति की हम बात कर रहे हैं, उसे सैकड़ों सालों तक मिट्टी और प्लास्टर की परत के भीतर छुपाया गया था ताकि इसे कोई लूटकर न ले जाए। इस मूर्ति को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं और इसमी वास्तुकला को सराहते हैं।

### दुनिया का वो अजीबोगरीब गांव, जहां न जन्म लेने की इजाजत है न मरने की...!

**नॉर्वेजियन।** दुनिया में 195 देश हैं और हर जगह की अपनी अलग पहचान है। इन्हीं में एक जगह ऐसी भी है जहां न तो किसी बच्चे को जन्म लेने की इजाजत है और न ही किसी व्यक्ति को मरने की। यह सुनकर हैरानी होना स्वाभाविक है लेकिन यह सच है। यह गांव लोगों की सोच से बिल्कुल अलग नियमों के साथ चलता है। यहां की व्यवस्था और जीवनशैली दुनिया के बाकी हिस्सों से काफी अलग मानी जाती है। यही वजह है कि यह जगह अक्सर चर्चा में रहती।



**कहां स्थित है यह अनोखी जगह :** नॉर्थ पोल से करीब 1300 किलोमीटर दूर स्वालबार्ड नाम का एक नॉर्वेजियन द्वीपसमूह है। यह जगह नॉर्वे का हिस्सा है लेकिन यहां जाना बिना वीजा के संभव नहीं है। हाल ही में ट्रैवल इंफ्लुएंसर राधिका नोमलर्स ने बताया कि यहां आना आसान है लेकिन यहां बच्चे को जन्म देना और किसी का मरना लगभग नामुमकिन है। यही बात इस जगह को दुनिया के सबसे अजीब गांवों में शामिल करती है।

**इस कारण है यहां जन्म और मौत पर पाबंदी :** जानकारी के अनुसार स्वालबार्ड में कोई अस्पताल नहीं है और यहां भीषण ठंड रहती है। यहां की जमीन पर्माफ्रॉस्ट है यानी साल भर जमी रहती है। इसकी वजह से यहां दफन किए गए शव सड़ते नहीं हैं। पहले इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हुई थीं। इसी कारण यहां दफनाने पर रोक लगा दी गई। अगर कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार हो जाए या बहुत बूढ़ा हो जाए तो उसे द्वीप छोड़कर नॉर्वे के मेन लैंड जाना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को भी डिलीवरी से पहले यहां से भेज दिया जाता है क्योंकि यहां उन्नत मेडिकल सुविधाएं नहीं हैं. यहां कोई रिटायरमेंट होम भी नहीं है।

# धरती के 88 मीटर नीचे 4000 करोड़ में बना वॉटर फॉल होटल, खूबसूरत ही नहीं सभी सुख सुविधाओं से है लैस

**बीजिंग।** या में ऐसी कई इमारतें हैं, जो अपनी अनोखी आर्किटेक्चर के लिए जानी जाती हैं। इस लिस्ट में चीन के एक खास होटल का नाम भी शामिल है। यह होटल एक खदान के अंदर बना है और वॉटर फॉल होटल के नाम से जाना जाता है। आइए जानें क्यों इसे यह नाम मिला और इस होटल की खासियत क्या है। चीन के शंघाई शहर के सोंगजियांग जिले में स्थित इंटरकॉन्टिनेंटल शंघाई वंडरलैंड होटल आर्किटेक्चर और इंजीनियरिंग का एक शानदार उदाहरण है। यह अनोखा होटल एक पुरानी खदान के अंदर बना है, जिसकी वजह से इसे 'क्वारी होटल' या 'खदान होटल' के नाम से भी जाना जाता है।

### इसलिए कहलाता है वॉटरफॉल होटल

होटल की सबसे खास बात इसकी संरचना है, जो 88 मीटर गहरी खदान की दीवारों में बनाई गई है। इसमें कुल 18 मंजिलें हैं, जिनमें से 16 भूमिगत और दो मंजिलें पानी के नीचे स्थित हैं। इसके सामने 90 मीटर ऊंचा कृत्रिम झरना होटल की खूबसूरती में चार चांद लगाता है, जिसके कारण इसे 'वॉटरफॉल होटल' भी कहा जाता है।

## आर्किटेक्चर और इंजीनियरिंग का एक शानदार उदाहरण

### युद्ध के दौरान बनाया गया था बंकर, अब बन गया होटल

इस होटल का इतिहास काफी दिलचस्प है। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत 2009 में हुई और इसे पूरा करने में करीब 4 हजार करोड़ रुपये की लागत आई। इस खदान को 1950 के दशक में जापानियों ने युद्ध के दौरान बंकर बनाने के लिए खोदा था। बाद में इसे आंशिक रूप से पानी से भरकर एक आर्टिफिशियल झील में बदल दिया गया। साल 2006 में शंघाई के एक प्रॉपर्टी ग्रुप ने इस जगह में संभावना देखी और इसे एक लग्जरी होटल में तब्दील करने का फैसला किया।



### इनवर्टेड ग्राउंडस्क्रेपर के नाम से भी जाना जाता है

इस होटल को डिजाइन करने के लिए कई मशहूर आर्किटेक्चर फर्म्स को चुना गया। होटल की डिजाइन में फेंगशुई के प्रिंसिपल्स को अपनाया गया है और इसे 'इनवर्टेड ग्राउंडस्क्रेपर' कहा जाता है, क्योंकि यह ऊपर की बजाय नीचे की ओर बना है। ऊपर से देखने पर इसका आकार 'एस' जैसा दिखता है।

### होटल में 337 कमरे, वॉइस कंट्रोल सिस्टम

इस होटल में कुल 337 कमरे हैं, जिनमें से हर एक में वॉइस-कंट्रोल सिस्टम जैसी सुविधाएं मौजूद हैं।इस होटल में ठहरना केवल आराम का नहीं, बल्कि रोमांच का भी अनुभव है। यहां क्लिफ के किनारे बने विला और पानी के नीचे बने सुइट्स हैं, जहां कांच की दीवारों से मेहमान सीधे झील के भीतर का नजारा देख सकते हैं।

### हर सुख-सुविधा का सामान मौजूद है इस होटल में

खाने-पीने के लिए होटल में पानी के नीचे बना सीफूड रेस्टोरेंट, कैंटोनीज फाइन डाइनिंग और क्वारी बार जैसे ऑप्शन मौजूद हैं। इसके अलावा, होटल में वॉटर स्पोटर्स एरिया, इंफिनिटी पूल और स्पा की सुविधा भी है। रोमांच पसंद करने वालों के लिए पास के थीम पार्क में जिपलाइन, बंजी जंप, रॉक क्लाइम्बिंग और ग्लास वॉकवे जैसी गतिविधियां मौजूद हैं।

# जापान की कुछ फेमस चीजें जिनकी जिनकी कीमत सुनकर उड़ जाएंगे होश

जापान न सिर्फ टेक्नोलॉजी के मामले में बल्कि और भी कई मामलों में दुनिया भर का आकर्षण का केंद्र है। बता दें कि इन चीजों को दुनिया भर में प्रसिद्धि मिली है। आज हम आपको जापान की कुछ ऐसी चीजों के बारे में बता रहे हैं जिनकी कीमत जानकर आपके होश उड़ जाएंगे लेकिन उन्हें खरीदने वाले आज भी दिन पर दिन बढ़ते ही जा रहे हैं।

### युबारी किंग मेलन, एक जोड़ी 22 लाख में

जापान में "युबारी किंग मेलन" पाया जाता है। इसकी कीमत 27,000 डॉलर यानी लगभग 22 लाख रुपए होती है। दरअसल, यह एक जोड़ी की कीमत है। खास तौर पर यह खरबूजा युबारी क्षेत्र में उगाया जाता है। इसकी इतनी कीमत की वजह इसका आकार और लाजवाब मिठास है। अक्सर इन खरबूजों की नीलामी होती है।



### ब्लूफिन टूना मछली, 23 करोड़ से ज्यादा में बिकी



बता दें कि जापान की ब्लूफिन टूना मछली भी बेहद महंगी है। यह दुनिया की सबसे महंगी चीजों की लिस्ट में पहले नंबर पर है। साल 2019 में 278 किलोग्राम वजनी एक टूना मछली को 31 लाख डॉलर यानी करीब 23.5 करोड़ रुपए में बेचा गया था। इस मछली का इस्तेमाल जापान की सबसे महंगी डिश "सुशी" और "सशिमी" बनाने में किया जाता है। इसीलिए इसकी कीमत इतनी ज्यादा है।

### 1968 होंडा सीबी 750 मोटरसाइकिल

जापान में 1968 होंडा सीबी 750 मोटरसाइकिल की नीलामी को जापान की सबसे महंगी बाइक में गिना जाता है। साल 1968 में होंडा द्वारा सिर्फ चार ही ऐसी बाइक बनाई गई थीं। हर एक बाइक को 1.45 करोड़ रुपए में नीलाम किया गया था। यह बाइक अब जापान की सबसे महंगी चीजों में शामिल है।

### जापान की व्हिस्की, 50 लाख रुपए बोतल

जापान के "यामाजाकी" और "हिबिकी" जैसे प्रमुख व्हिस्की ब्रांड सबसे पुराने और लिमिटेड एडिशन के लिए जाने जाते हैं। इन एडिशन्स की नीलामी बेहद महंगी होती है। बता दें कि जापान में इन व्हिस्की की कीमत लगभग 50 लाख रुपए प्रति बोतल तक पहुंच जाती है। इस व्हिस्की की कीमत की वजह दुनिया भर में बढ़ती मांग और इसकी बेहतरीन क्वालिटी है।

# गुफा में मिला 60000 साल पुराना जहरीला तीर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका की एक गुफा में वैज्ञानिकों को शिकार में इस्तेमाल होने वाले ऐसे जहरीले तीर मिले हैं, जो लगभग 60,000 साल पुराने बताए जा रहे हैं। इस खोज ने यह साबित कर दिया है कि उस दौर का मानव न केवल औजार बनाना जानता था, बल्कि उसने प्रकृति में मौजूद जहर का इस्तेमाल करना भी सीख लिया था। स्वीडन और दक्षिण अफ्रीका के शोधकर्ताओं ने क्वाजुलु-नताल इलाके की उम्लातुजाना रॉक शेल्टर नाम की गुफा से क्वाट्र्ज के बने इन तीरों को ढूंढ निकाला है।



**प्राचीन शिकार की अनोखी तकनीक :** वैज्ञानिकों के मुताबिक इन तीरों पर लगाया गया जहर शिकार को तुरंत नहीं मारता था, बल्कि उसकी रफ्तार को धीमा कर देता था ताकि उसे आसानी से पकड़ा जा सके। जांच में पता चला है कि यह जहर दक्षिण अफ्रीका के स्थानीय जहरीले पौधे 'बूफोन डिस्टिका' के कंद से तैयार किया गया था। यह पौधा इतना खतरनाक है कि यह चूहे को महज 20-30 मिनट में मार सकता है और इंसानों में कमजोरी और धुंधली नजर जैसी दिक्कतें पैदा करता है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com